राष्ट्र की आवाज

# आर्यावर्त क्रांति

वर्ष 6 : अंक 58 लखनऊ, बुधवार 21 अगस्त, 2019, मूल्य 1 रुपए



जिया खान सुसाइड मिस्ट्री पर बनेगी डॉक्युमेंट्री - पेज : 8



## मोनरोको अल्युमनाई एसोसिएशन की वार्षिक बैठक

# लखनऊ चैप्टर ने किया वृक्षारोपण






**आर्यावर्त क्रांति संवाददाता**

**लखनऊ।** मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के लखनऊ चैप्टर के अल्युमनाई 'दि इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स लखनऊ परिसर में भारी संख्या में उपस्थित होकर पौधों का रोपड़ बड़े उत्साह से किया। तत्पश्चात 'मोनरोको अल्युमनाइ एसोसियेशन' लखनऊ चैप्टर की वार्षिक सामान्य बैठक आहूत की गयी। अध्यक्ष डॉ0 भरत राज सिंह ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा अप्रैल 2018 से अभी तक आयोजित किये गये कार्यक्रमों एवं एसोसिएशन के परिवार के साथ हुए मेल–मिलाप बैठकों जैसे–दीपावली मिलन, होली मिलन, लखनऊ मैट्रों वर्कशाप, जनरेश्वर पार्क की वीजिट, पौधारोपण आदि कार्यक्रमों का से उल्लेख किया।

महासचिव, पीयूष सहाय ने कार्यक्रमों के बारे में सामान्य बैठक में विस्तार से जानकारी दी। कोषाध्यक्ष इं0 वी0सी0 राय द्वारा वार्षिक लेखा–जोखा चार्टड एकाउटेन्ट से सत्यापित कराकर प्रस्तुत किया गया जिसपर सभी सदस्यों ने सन्तोष व्यक्त किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं0 मनजीत सिंह अरोड़ा द्वारा सदस्यों को जोड़ने तथा इं0 डी0के0 भण्डारी द्वारा आजीवन सदस्य बनाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों हेतु उनकी सराहना की गयी। बैठक अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाप्त की गयी।